प्रो. साकेत कुशवाहा
कुलपति
Prof. Saket Kushwaha
Vice Chancellor

217

राजीव गाँधी विश्वविद्यालय
केन्द्रीय विश्वविद्यालय
रोनो हिल्स, दोईमुख - ७९१ ११२
अरुणाचल प्रदेश, भारत
Rajiv Gandhi University
Central University
Rono Hills, Doimukh - 791 112
Arunachal Pradesh, India

**पत्रसं.– आर.जी.यू/एच.सी./आर.सी.एम.एम./2012/11/58** **दिनांक-09/12/2020**

**सेवामें,**

**निदेशक (राजभाषा)**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**
**शिक्षा मंत्रालय**
**शास्त्रीभवन, नई दिल्ली-110115**

विषय- **राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक का कार्यवृत्त।**

महोदय,

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 05/11/2020 को राजीव गाँधी विश्वविद्यालय में वर्ष 2020 की चतुर्थ तिमाह के लिए आयोजित किया गया।

राजीव गाँधी विश्वविद्यालय में राजभाषा नियमों का पालन हो रहा है। इस रिपोर्ट को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

कुलपति एवं अध्यक्ष
(राजभाषा कार्यान्वयन समिति)

**प्रतिलिपिः**

1. निदेशक, (कार्यान्वयन) , राजभाषाविभाग, गृहमंत्रालय, भारतसरकार
2. निदेशक (राजभाषा), विश्वविद्यालयअनुदानआयोग, नईदिल्ली
3. उप-निदेशक, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, शिलपुखरी, गौवाहाटी
4. कार्यालयप्रतिलिपि
5. फाइल गार्ड

कुलपति एवं अध्यक्ष
(राजभाषा कार्यान्वयन समिति)

दूरभाषः/Tel : +91-360-2277252(Off.) 2277261 (आवास/Resi.) +91-9936451995 (M), फैक्सः/Fax: +91-360-2277317
ईमेलः/E-mail: saket.kushwaha@rgu.ac.in/vc@rgu.ac.in वेबसाइटः/Website: www.rgu.ac.in

**हिन्दी प्रकोष्ठ**
**राजीव गाँधी विश्वविद्यालय**
**रोनो हिल्स, दोईमुख**
**अरुणाचल प्रदेश**

तिथि – 05.11.2020
समय – 11.00 बजे
स्थान – कुलपति सचिवालय
दिनांकः- मंगलवार

## कार्यवृत्त

**29 वाँ राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक दिनांक 05.11.2020 को कुलपति सचिवालय में आयोजित किया गया।**

**29.1. बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची-**

1. प्रो. ए.मित्रा - अध्यक्ष
   सम-कुलपति
   राजीव गाँधी विश्वविद्यालय
2. डॉ. एन.टी.ऋकाम - सदस्य (पदेन)
   कुलसचिव
   राजीव गाँधी विश्वविद्यालय
3. प्रो. ओकेन लेगो - सदस्य
   भाषा संकायाध्यक्ष
4. डॉ. एस.एस.सिंह - सदस्य
   हिन्दी विभागाध्यक्ष
5. श्रीमती गुम्पी ङूसो - सदस्य-सचिव
   हिन्दी अधिकारी

**29.2. बैठक की कार्यसूची**

1. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्यवाई।
2. कार्यशाला रिपोर्ट पर चर्चा।
3. प्रबोध, प्रवीण व प्राज्ञ पाठ्यक्रम पर चर्चा।
4. वार्षिक रिपोर्ट संबंधित चर्चा।
5. अन्य

अध्यक्ष की अनुमति से हिन्दी अधिकारी ने सर्वप्रथम बैठक में समिति सदस्यों का स्वागत किया तथा राजभाषा बैठक का आरंभ करते हुए नवीन नियुक्त कुलसचिव महोदय का बैठक में राजभाषा कार्यान्वयन समिति सदस्य के रूप में स्वागत किया। इसके उपरांत बिंदुओं पर चर्चा हुई।

**29.3. बिन्दुओं पर टिप्पणी –**

1. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्यवाई

**क)** हिन्दी पखवाड़ा का विवरण देते हुए हिन्दी अधिकारी ने सदस्यों को बताया कि हिंदी पखवाड़ा 2020 का आयोजन 14 से 28 सितम्बर 2020 को हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के पूर्व निदेशक एवं हिन्दी विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय एवं वक्ता - प्रो. कुमुद शर्मा, निदेशक, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से थे। इस पखवाड़ा में संकाय सदस्यों, छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। पखवाड़ा का रिपोर्ट गृह मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भेजा गया। (संलग्नक- हिन्दी पखवाड़ा रिपोर्ट)

**ख)** सदस्य सचिव ने बताया कि राजभाषा भाषा पत्रिका "अरुण छटा" का लोकार्पण कार्यशाला के दौरान किए जाने का निर्णय लिया गया था। परन्तु पत्रिका को गण्पति प्रिंटर्स, वाराणसी द्वारा समय रहते प्रकाशित नहीं करने के कारण लोकार्पण अगले तिमाह में किया जाएगा।

**ग)** अतिरिक्त अनुवादक पद के प्रावधान पर समिति के निर्णय अनुसार स्थापना शाखा को पत्र भेजा गया है। (संलग्नक-पत्र)

**2.** तिमाह के दौरान कार्यशाला आयोजन के नियम का पालन करते हुए "तिमाही रिपोर्ट की अनिवार्यता" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 3/11/2020 को किया गया। जिसमें प्रथम सत्र विभागों के निजी सहायकों एवं द्वितीय सत्र शाखा/प्रकोष्ठ/संस्थान के लिपिक एवं सहायकों के लिए आयोजित किया गया। कार्यशाला के दौरान द्विभाषी परिपत्र, सूचना, आदेश, आदि का प्रारूप तथा टिप्पणी का द्विभाषी स्वरूप तैयार करके प्रतिभागियों को दिया गया।

**3. कार्यशाला के दौरान विभाग/शाखा/प्रकोष्ठ/संस्थान जिनसे प्रतिभागियों ने भाग लिया उनका विवरण निम्न है –**

1. राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन
2. इलेक्ट्रानिक्स व कंप्यूटर अभियांत्रिकी विभाग
3. आई.क्यू.ए.सी.
4. संयुक्त कुलसचिव, शैक्षणिक
5. कंप्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी विभाग
6. वनस्पति विभाग
7. भूगोल विभाग
8. जन संचार विभाग
9. अरुणाचल जनजातीय अध्ययन संस्थान
10. दूरस्थ शिक्षा संस्थान

11. वाणिज्य विभाग
12. शिक्षा विभाग
13. गणित विभाग
14. रसायन विज्ञान विभाग
15. ललित कला व संगीत विभाग
16. राजनीति विज्ञान विभाग
17. अर्थशास्त्र विभाग
18. इतिहास विभाग
19. मानव विज्ञान विभाग
20. समाजकार्य विभाग
21. समाजशास्त्र विभाग
22. वाहन शाखा
23. पंजीकरण शाखा
24. वित्त अधिकारी कार्यालय
25. यू.जी.सी परियोजना प्रकोष्ठ
26. स्थापना शाखा (शैक्षणिक)
27. स्थापना शाखा (गैर-शैक्षणिक)
28. परीक्षा शाखा
29. पुस्तकालय
30. भंडार शाखा
31. संपदा अधिकारी कार्यालय
32. वित्त लेखा शाखा
33. विकास शाखा

**कार्यशाला के दौरान विभाग/शाखा/प्रकोष्ठ/संस्थान जिनसे प्रतिभागियों ने भाग नहीं लिया उनका विवरण निम्न है –**

1. अंग्रेजी विभाग
2. हिन्दी विभाग
3. शारीरिक शिक्षा विभाग
4. मनोविज्ञान विभाग
5. प्रबंधन विभाग
6. भूविज्ञान विभाग
7. प्राणीशास्त्र विभाग
8. भौतिकी विभाग
9. कार्यपालक अभियंता कार्यालय
10. कुलपति कार्यालय

11. कुलसचिव कार्यालय

12. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय

13. सम-कुलपति कार्यालय

4. हिन्दी शिक्षण पत्राचार पाठ्यक्रम –प्रबोध, प्रवीण व प्राज्ञ का विवरण देते हुए हिन्दी अधिकारी ने सदस्यों को अवगत कराया कि राजीव गाँधी विश्वविद्यालय प्रबोध, प्रवीण व प्राज्ञ पत्राचार पाठ्यक्रम का स्थाई परीक्षा केन्द्र है। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी उक्त पाठ्यक्रम में पंजीकरण के लिए परिपत्र विश्वविद्यालय के विभाग/शाखा/प्रकोष्ठ/संस्थान में परिचालित किया गया है। (संलग्नक-परिपत्र)

5. वार्षिक रिपोर्ट संबंधित चर्चा करते हिन्दी अधिकारी ने सदस्यों को बताया कि इस वर्ष का वार्षिक रिपोर्ट तैयार हो चुका है तथा अंतिम रूप प्रकाशन हेतु भेजा जा चुका है। सदस्यों ने इस वर्ष इस कार्य को शीघ्र करने पर सभी के प्रयासों की सराहना की। (संलग्नक-मुख्य पृष्ठ)

6. दीक्षांत समारोह हेतु द्विभाषी प्रमाणपत्र के कार्य को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु अध्यक्ष द्वारा हिन्दी अधिकारी को परीक्षा नियंत्रक से संपर्क करने का सुझाव दिया गया।

7. सदस्यों ने बैठक के दौरान चर्चा करते हुए कहा कि कई विभाग/शाखा/प्रकोष्ठ/संस्थान द्वारा द्विभाषी परिपत्र स्वयं जारी करने के प्रयास में कई त्रुटियाँ कर रहे हैं। अतः बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस प्रकार से परिपत्र जारी करने से पूर्व हिन्दी प्रकोष्ठ से जांच करवाने का प्रावधान किया जाए। इस बात को सुनिश्चित करने हेतु प्रकोष्ठ द्वारा इस संदर्भ में परिपत्र जारी करने का निर्देश दिया गया।

समिति की बैठक का समापन हिन्दी अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

**प्रतिलिपिः**

1. कुलपति के निजी सचिव को सूचनार्थ।
2. सम-कुलपति के निजी सहायक को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव के निजी सहायक को सूचनार्थ।
4. प्रो. ओकेन लेगो, भाषा संकायाध्यक्ष को सूचनार्थ।
5. प्रो. ताना सोरेन, संकायाध्यक्ष,समाजविज्ञान संकाय को सूचनार्थ।
6. प्रो. आर.के.सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग को सूचनार्थ।
7. डॉ.एस.एस.सिंह, हिंदी विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ।
8. फाइल गार्ड
9. कार्यालय प्रतिलिपि

(गुम्पी डूसो)
हिन्दी अधिकारी
सदस्य सचिव

प्रो. साकेत कुशवाहा
कुलपति
Prof. Saket Kushwaha
Vice Chancellor

(246)

राजीव गाँधी विश्वविद्यालय
केन्द्रीय विश्वविद्यालय
रोनो हिल्स, दोईमुख - ७९१ ११२
अरुणाचल प्रदेश, भारत
Rajiv Gandhi University
Central University
Rono Hills, Doimukh - 791 112
Arunachal Pradesh, India

पत्र सं.- आर.जी.यू/एच.सी./आर.सी.एम.एम/2012/11/.59 दिनांकः03.05.2021

सेवा में,

निदेशक (राजभाषा)
उत्तर शिक्षा विभाग
शिक्षा मंत्रालय
शास्त्री भवन, नई दिल्ली – 110115

विषयः- राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक का कार्यवृत्त।

महोदय,

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 29.04.2021 को राजीव गाँधी विश्वविद्यालय में वर्ष 2021 की प्रथम तिमाह के लिए आयोजित किया गया।

राजीव गाँधी विश्वविद्यालय में राजभाषा नियमों का पालन हो रहा है। इस रिपोर्ट को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

कुलपति एवं अध्यक्ष
(राजभाषा कार्यान्वयन समिति)

प्रतिलिपिः

1. निदेशक, (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार।
2. निदेशक (राजभाषा), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली।
3. उप – निदेशक, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, शिलपुखरी, गुवाहाटी।
4. कार्यालय प्रतिलिपि
5. फाइल गार्ड

कुलपति एवं अध्यक्ष
(राजभाषा कार्यान्वयन समिति)

कुलपति
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
रोनो हिल्स, दोईमुख पी.ओ.
अरुणाचल प्रदेश – ७९१११२
Vice Chancellor
Rajiv Gandhi University
Rono Hills, Doimukh P.O.
Arunachal Pradesh - 791112

दूरभाषः/Tel : +91-360-2277252(Off.) 2277261 (आवास/Resi.) +91-9936451995 (M), फैक्सः/Fax: +91-360-2277317
ईमेलः/E-mail: saket.kushwaha@rgu.ac.in/vc@rgu.ac.in वेबसाइटः/Website: www.rgu.ac.in

हिन्दी प्रकोष्ठ

राजीव गाँधी विश्वविद्यालय

रोनो हिल्स, दोईमुख

अरुणाचल प्रदेश


तिथि – 29.04.2021

समय – 03.00 बजे

स्थान – कुलपति कार्यालय

# कार्यवृत्त

**30 वाँ राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक दिनांक 29.04.2021 को कुलपति सचिवालय में आयोजित किया गया –**



**30.1 बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची-**

1. प्रो. साकेत कुशवाहा - अध्यक्ष
   कुलपति
2. प्रो. अमिताभ मित्रा - सदस्य (आंमत्रित)
   सम- कुलपति
3. डॉ. एन.टी.ऋकाम - सदस्य (पदेन)
   कुलसचिव
4. प्रो. ओकेन लेगो - सदस्य
   भाषा संकायाध्यक्ष
5. डॉ. एस.एस.सिंह - सदस्य
   हिन्दी विभागाध्यक्ष
6. श्रीमती गुम्पी ङूसो - सदस्य सचिव
   हिन्दी अधिकारी

**30.2 बैठक की कार्यसूची**

1. प्रथम तिमाह में आयोजित कार्यशाला का ब्यौरा।
2. तिमाही रिपोर्ट विवरण।
3. नामपट्ट, सूचना पट्ट आदि पर कारवाई विवरण।
4. अन्य, यदि कोई।

(145)

अध्यक्ष की अनुमति से हिन्दी अधिकारी बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों का स्वागत किया। इसके उपरांत कार्यसूची बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

30.3 बिन्दुओं पर टिप्पणी –

1. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्यवाई

i. पिछले तिमाह की बैठक का आयोजन 5.11.2020 को माननीय कुलपति प्रो. साकेत कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। उस बैठक में कार्यशाला आयोजन, प्रबोध,प्रवीण एवं प्राज्ञ पाठ्यक्रम तथा वार्षिक रिपोर्ट अनुवाद पर चर्चा की गई थी।

ii. इन बिन्दुओं के अनुपालन में 03.11.2020 को "तिमाही रिपोर्ट की अनिवार्यता" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।(रिपोर्ट संलग्न - क)

iii. प्रति वर्ष की तरह प्रबोध, प्रवीण व प्राज्ञ पाठ्यक्रम में पंजीकरण हेतु परिपत्र विश्वविद्यालय के परिचालित किया गया है। परन्तु कोविड महामारी की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय द्वारा आगे की कार्रवाई हेतु सूचना प्राप्त नहीं हुई। (परिपत्र संलग्न – ख)

iv. विश्वविद्यालय वार्षिक रिपोर्ट – 2019-20 का अनुवाद समय पर सम्पन्न किया गया।

2. राजभाषा नियमों का पालन करते हुए 31.03.2021 को 'राजभाषा कार्यान्वयन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला दो सत्रों में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला को विशेष रूप से नव-नियुक्त आशुलिपिकों तथा डाटा प्रविष्टि प्रचालकों हेतु आयोजित किया गया। राजभाषा कार्यान्वयन पर जानकारी देने के साथ-साथ कंप्यूटर पर सरल तरीके से काम करने हेतु भी प्रशिक्षण दिए गए। (रिपोर्ट संलग्न-1)

2.1 कार्यशाला के दौरान विभाग/शाखा/प्रकोष्ठ/संस्थान जिनसे प्रतिभागियों ने भाग लिया उनका विवरण निम्न है-

| | | |
|---|---|---|
| क) मनोज दत्ता | - | दूरस्थ शिक्षा संस्थान |
| ख) चित्रा बुची | - | वित्त शाखा |
| ग) हागे मुन्ना | - | वित्त शाखा |
| घ) यालोम मिजे | - | वित्त शाखा |
| ङ) मीहिन यामा | - | आशुलिपिक |
| च) पुरा रोशना | - | आशुलिपिक |
| छ) ताखे नेन्खा | - | आशुलिपिक |
| ज) रोशमी लोवाङ | - | आशुलिपिक |
| झ) मिङग सोरा | - | स्थापना शाखा (शैक्षणिक) |
| ञ) तालेम तामिर | - | स्थानन प्रकोष्ठ |
| ट) चूकू आकू | - | शैक्षणिक शाखा |

3. नामपट्ट, सूचनापट्ट आदि का कार्य शत-प्रतिशत द्विभाषी होता है।

30.4 **निर्णय-**

4.1 राजभाषा नियमों का पालन करते हुए समय पर कार्यशाला आयोजित करवाने के लिए सदस्यों ने हिन्दी प्रकोष्ठ की सराहना की। समिति ने यह निर्णय दिया कि कार्यशाला

रिपोर्ट को विश्वविद्यालय वेबसाइट में हिन्दी प्रकोष्ठ लिंक तहत *पीडीएफ* रूप में उपलब्ध करवाया जाए। इसके लिए विश्वविद्यालय कंप्यूटर केन्द्र को सूचित करने का सुझाव दिया।

4.2 तिमाही रिपोर्ट का विवरण देते हुए हिन्दी अधिकारी ने सदस्यगण को बताया कि वित्तीय –वर्ष-2020-21 तिमाही रिपोर्ट (भाग-1 तथा भाग-2) को नियामानुसार सम्पन्न किया गया। समिति ने सराहना करते हुए यह निर्देश दिया कि इसी तरह राजभाषा नियमों का अनुपालन भविष्य में भी किया जाए तथा अगली बैठक में, भरे गए तिमाही रिपोर्टों पर चर्चा के लिए भी सुझाव दिया।

4.3 विश्वविद्यालय मुहर,नामपट्ट,सूचना पट्ट आदि द्विभाषी रूप में उपलब्ध हैं तथा विभागों/शाखाओं/प्रकोष्ठों/संस्थानों से कथित विषय पर मांग किए गए प्रस्तावों को पूर्ण रूप से द्विभाषी किया जाता है। इस बिन्दु के तहत समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के कुछ खास स्थानों पर नए सूचना पट्ट लगाए जाए, जो निम्नलिखित हैः-

क) **विश्वविद्यालय मुख्य द्वार-**

i) अनुमति/निषेध विवरण बोर्ड

ii) वाहन संबंधित सूचना पट्ट, जिसमें यह विवरण हो कि 'गति में नियंत्रण, जीवन बहुमूल्य, स्पीड सीमा- 30 kmph.'

iii) बाई ओर /Keep Left

ख) **सही स्थान देखकर निम्न पट्ट भी लगाए जाए-**

i) धुम्रपान मुक्त क्षेत्र/Smoking Free Zone

ii) प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र/Plastic Free Zone

iii) स्कूल क्षेत्र, सावधानी से चलायें/School Zone Drive Carefully

ग) कॉलोनी दिशा पट्ट

घ) अटल सूचना केन्द्र नामपट्ट

ङ) एनसीसी सूचना पट्ट का विस्तार

च) खेल-कुद पट्ट, (शारीरिक शिक्षा विभाग से संपर्क में)

छ) मछली पालन, मधु मक्खी पालन, ऑर्किड केन्द्र आदि नामपट्ट

ज) सियांग छात्रावास पट्ट की मरम्मत

झ) सम्मेलन-शाला /convention hall पट्ट का विस्तार

बिन्दु 4.3 में दर्शाए गए निर्णयों पर कार्य करने हेतु वर्तमान फर्म को असुविधा या असमर्थ जैसाकि मामला हो, होने पर बाह्य स्रोतो से कार्य करवाने का सुझाव दिया। तथा द्विभाषीकरण मुहर हेतु शब्दों को नाम/पद के साथ विश्वविद्यालय नाम व राज्य नाम तक ही सीमित रखने का सुझाव दिया।

**30.5अन्य-**

5.1 उपर्युक्त विषयों पर समिति अपना निर्णय देते हुए यह भी निर्देश दिया कि प्रशासनिक शब्दावली को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रखा जाए।

5.2 विश्वविद्यालय पुस्तकालय को यह सूचित करने का निर्देश दिया गया कि वे अपने पुस्तक खरीद सूची में निम्न ग्रंथों/पुस्तकों को भी सम्मिलित करें –

क) महाभारत

ख) रामायण

ग) बाईबल

घ) कुरान

ङ) स्वदेशी धर्म पुस्तक

च) वेद

छ) बौद्ध धर्म पुस्तक

ज) पूर्वोत्तर हिन्दी लेखकों की पुस्तक

झ) अरुणाचली हिन्दी लेखकों की पुस्तक

ञ) गांधीवादी दर्शन संबंधी पुस्तकें

ट) उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा विभिन्न विषयों पर निर्मित शब्दावली ।

*कोरोना काल में कोविड नियमों का पालन करते हुए तिमाही रिपोर्ट, विश्वविद्यालय वार्षिक रिपोर्ट, विश्वविद्यालय लेखा रिपोर्ट, कार्यशाला आयोजन आदि हेतु सदस्यगण ने हिन्दी प्रकोष्ठ की सराहना की।*

हिन्दी अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन से बैठक का समापन हुआ।

यह कार्यवृत्त सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित है।

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के निजी सचिव को सूचनार्थ।
2. सम-कुलपति के निजी सहायक को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव के निजी सहायक को सूचनार्थ।
4. प्रो. ओकेन लेगो, भाषा संकायाध्यक्ष को सूचनार्थ।
5. प्रो. एस.एस.सिंह, हिन्दी विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ।
6. गुम्पी ङूसो, सदस्य सचिव को सूचनार्थ।
7. फाइल गार्ड
8. कार्यालय प्रति

(गुम्पी ङूसो)


हिन्दी अधिकारी व सदस्य सचिव

हिन्दी प्रकोष्ठ
राजीव गाँधी विश्वविद्यालय
रोनो हिल्स, दोईमुख
अरुणाचल प्रदेश

तिथिः 06.07.2021
समयः 03.00 बजे
स्थानः कुलपति सचिवालय

## कार्यवृत्त

**31 वाँ राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक –**



**31.1 बैठक में उपस्थित सदस्य**

1. प्रो. साकेत कुशवाहा - अध्यक्ष
   कुलपति
2. प्रो. अमिताभ मित्रा - सदस्य (आंमत्रित)
   सम- कुलपति
3. डॉ. एन.टी.ऋकाम - सदस्य (पदेन)
   कुलसचिव
4. प्रो. ओतेम पादुङ - सदस्य (आंमत्रित)
   वित्त अधिकारी
5. प्रो. ओकेन लेगो - सदस्य
   भाषा संकायाध्यक्ष
6. प्रो. आर.के.सिंह - सदस्य
   वनस्पति विभाग
7. प्रो. एस.एस.सिंह - सदस्य
   हिन्दी विभागाध्यक्ष
8. श्रीमती गुम्पी ङूसो - सदस्य सचिव
   हिन्दी अधिकारी

**यत सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| शवाहा | - | अध्यक्ष |
| मित्रा | - | सदस्य (आंमत्रित) |
| काम | - | सदस्य (पदेन) |
| दुङ<br>ी | - | सदस्य (आंमत्रित) |
| गो<br>ध्यक्ष | - | सदस्य |
| ंह<br>ाग | - | सदस्य |
| ंह<br>ध्यक्ष | - | सदस्य |
| डूसो<br>री | - | सदस्य सचिव |

**31.2 बैठक की कार्यसूची**

1. पूर्व कार्यवृत्त पर अनुवर्ती कार्य का ब्यौरा।
2. द्वितीय तिमाही रिपोर्ट विवरण।
3. अन्य, यदि कोई।

अध्यक्ष की अनुमति से हिन्दी अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी समिति सदस्यों का स्वागत किया। कोविड नियमों के अनुपालन में बैठक के लिए ऑनलाइन मोड की भी व्यवस्था की गई थी। इसके उपरांत कार्यसूची के बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

**31.3 बिंदुओं पर टिप्पणी:-**

1. **पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्यवाई**

   i. पिछली बैठक में, सदस्यों द्वारा लिए गए निर्णय का अनुपालन करते हुए संयुक्त निदेशक, कंप्यूटर केन्द्र को विश्वविद्यालय वेबसाइट में हिन्दी प्रकोष्ठ लिंक के तहत पीडीएफ रूप में कार्यशाला रिपोर्ट अपलोड करने हेतु सूचित किया गया। **परिशिष्ट –'क' में संलग्न**

   ii. विश्वविद्यालय के कुछ चयनित स्थानों पर नए सूचना-पट्ट लगाए जाने के निर्णय पर अनुवर्ती कार्य किया गया। संबंधित स्वीकृति प्राधिकारी से प्राप्त करने के पश्चात दर-सूची के अनुसार फर्म को कार्यादेश सौंपा गया। **दर-सूची परिशिष्ट 'ख' में संलग्न**

   iii. पिछली बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, भारत सरकार द्वारा निर्मित प्रशासनिक शब्दावली कोश को विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड किया जाए तथा विश्वविद्यालय पुस्तकालय की खरीद सूची में धार्मिक ग्रंथों/ पुस्तकों को भी सम्मिलित किया जाए। इस निर्णय का अनुपालन करते हुए प्रकोष्ठ ने दोनों कार्यालय को लिखित सूचना भेजी है। **परिशिष्ट –'ग' में संलग्न**

2. **तिमाही रिपोर्ट विवरण-**

   i. इस बिन्दु के तहत यह विवरण दिया गया कि राजभाषा नियमानुसार इस वर्ष की द्वितीय तिमाही रिपोर्ट जमा करने हेतु विभागों/शाखाओं/प्रकोष्ठों को परिपत्र जारी किए गए, जिसकी जमा करने की अंतिम तिथि 15 जूलाई 2021 है।

3. **अन्य –**

   i. आगामी हिन्दी दिवस समारोह हेतु, कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय द्वारा समय-समय पर निकाले जाने वाले सूचनाओं पर भी चर्चा किया गया।

**31.4 निर्णय: -**

4.1 उपर्युक्त बिंदु 31.3(i) में सदस्यगणों ने यह भी जोड़ा कि निम्न कार्यों को अतिशीघ्र सम्पन्न करने के लिए कुलपति सचिवालय से भी सूचना/नोट भेजें जाऐगें-

i. प्रशासनिक शब्दावली कोश अपलोड
ii. कार्यशाला रिपोर्ट अपलोड
iii. विश्वविद्यालय मुख्य पृष्ठ के लिए सम्पन्न अनुवाद कार्य का अपलोड। **परिशिष्ट-'ग' संलग्न**

4.2 उपर्युक्त बिंदु 31.3 (ii) अनुसार विश्वविद्यालय परिसर में चयनित स्थानों पर नए सूचना-पट्ट, संकेत-पट्ट आदि लगाए जाने हेतु पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था, जिसपर अनुवर्ती कार्य के लिए बैठक में यह सहमति हुई कि एक समिति की गठन की जाएगी जो इस पर आगे कार्य करेगी।

4.3 सदस्यगण ने यह सुझाव दिया कि यदि कोई विभाग/शाखा/प्रकोष्ठ, तिमाही रिपोर्ट समय पर जमा नहीं करता है तो इस विषय को गंभीरता से लिया जाएगा। इस पर भी सभी की सहमति रही तथा प्रकोष्ठ को यह निर्देश दिया गया कि संबंधित कार्यालयों को ई-मेल द्वारा भी पुनः सूचित करें।

4.4 कुलसचिव महोदय के इस सुझाव पर सदस्यगण सहमत हुए कि कर्मचारियों के लिए लेखनी व वर्तनी में हो रहे त्रुटियों को सुधारने हेतु भविष्य में कार्यशाला करवाया जाए।

4.5 अध्यक्ष महोदय ने हिन्दी प्रकोष्ठ की सराहना करते हुए, ये कहा कि प्रकोष्ठ में सीमित कर्मचारी होने के बावजूद राजभाषा के प्रति अपने कर्तव्य पालन में निष्ठावान हैं।

हिन्दी अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन से बैठक का समापन हुआ।
यह कार्यवृत्त सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित है।

*(कोविड नियमों का पालन करते हुए इस बैठक का आयोजन किया गया)*

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के निजी सचिव को सूचनार्थ।
2. सम-कुलपति के निजी सहायक को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव के निजी सहायक को सूचनार्थ।
4. प्रो. ताना शौरेन, संकायाध्यक्ष,समाज विज्ञान संकाय को सूचनार्थ।
5. प्रो. आर.के.सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग को सूचनार्थ।
6. प्रो. ओकेन लेगो, भाषा संकायाध्यक्ष को सूचनार्थ।
7. प्रो. एस.एस.सिंह, हिन्दी विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ।
8. गुम्पी ङूसो, सदस्य सचिव को सूचनार्थ।
9. फाइल गार्ड
10. कार्यालय प्रति

(गुम्पी ङूसो)
हिन्दी अधिकारी व सदस्य सचिव